एनसीईआरटी समाधान

अध्याय 19 : हमारे साथी जानवर

वाक्यों को सही क्रम में डालो–

- पीटर ने चिड़िया को प्यार से सहलाया। ☐
- बच्चों ने देखा एक चिड़िया उनकी कक्षा में चक्कर लगा रही है। ☐
- नवजोत और अली जल्दी से जाकर एक कटोरी में पानी ले आए। ☐
- फुर्र... की आवाज़ के साथ चिड़िया कक्षा से बाहर उड़ गई। ☐
- चिड़िया पंखे से कट गई। ☐

उत्तर:

- पीटर ने चिड़िया को प्यार से सहलाया। 3
- बच्चों ने देखा एक चिड़िया उनकी कक्षा में चक्कर लगा रही है। 1
- नवजोत और अली जल्दी से जाकर एक कटोरी में पानी ले आए। 4
- फुर्र... की आवाज़ के साथ चिड़िया कक्षा से बाहर उड़ गई। 5
- चिड़िया पंखे से कट गई। 2

सोचो, मालिनी ने क्या किया होगा?

उत्तर:

मालिनी ने बिल्ली को उसका बच्चा वापस दे दिया होगा।

❊ अब मीनू के घर के लोग क्या करेंगे?

उत्तर:

अब मीनू के घर के लोग उसके घाव को गर्म पानी से धोएँगे तथा मरहम-पट्टी करेंगे।

❊ चंदू धोबी अपने गधे का बहुत ध्यान रखता है। गधा भी तो उसके बहुत सारे काम करता है। चित्रों को देखकर लिखो कि चंदू अपने गधे के लिए क्या-क्या करता है?

एनसीईआरटी समाधान

अध्याय 19 : हमारे साथी जानवर

उत्तर:

चंदू अपने गधे को नहलाता है।

चारा खिलाता है।

पानी पिलाता है

फूलों की माला पहनाता है।

एनसीईआरटी समाधान

अध्याय 19 : हमारे साथी जानवर

❋ क्या तुम्हारे घर या पड़ोसे में किसी के यहाँ कोई पालतू जानवर है? कौन-सा?

उत्तर:

हाँ, हमारे पड़ोसी ने एक कुत्ता पाल रखा है।

❋ क्या तुम उसे किसी प्यार के नाम से पुकारते हो? किस नाम से?

उत्तर:

वही लोग उसे टॉमी नाम से पुकारते हैं।

❋ तुम क्या करते हो जब तुम्हारे पालतू जानवर को–

- भूख लगती है _____
- गर्मी या ठंड लगती है _____
- कोई परेशान करता है _____
- चोट लगती है _____

उत्तर:

- भूख लगने पर हम पालतू जानवर को भोजन अथवा चारा खिलाते हैं।
- गर्मी लगने पर नहलाते हैं। छाँव में बैठाते हैं। ठंड लगने पर गर्म कपड़े से ढकते हैं।
- कोई परेशान करता है, तो उसे परेशान करने से रोकते हैं।
- चोट लगने पर मरहम-पट्टी करते हैं।

❋ हम कुछ जानवरों को पालते हैं। उनकी देखभाल भी करते हैं। तालिका में कुछ जानवरों के नाम हैं, जिन्हें पाला जाता है। तालिका को पूरा करो।

एनसीईआरटी समाधान

अध्याय 19 : हमारे साथी जानवर

जानवर का नाम	इन्हें क्यों पालते हैं
कुत्ता	
	दूध देती है
	गाड़ी खींचता है
बैल	
मुर्गी	
मछली	
	प्यारा या प्यारी लगती है
मधुमक्खी	

उत्तर:

जानवर का नाम	इन्हें क्यों पालते हैं
कुत्ता	**घर की रखवाली करता है।**
गाय	दूध देती है
घोड़ा	गाड़ी खींचता है
बैल	**खेत जोतने के काम आता है।**
मुर्गी	**अंडे देती है।**
मछली	**खाई जाती है।**
खरगोश	प्यारा या प्यारी लगती है
मधुमक्खी	**शहद देती है।**

एनसीईआरटी समाधान

अध्याय 19 : हमारे साथी जानवर

❋ पानी की ज़रूरत हमें भी है और जानवरों को भी। ऐसी ही कुछ और चीज़ें हैं जिन्हें हम और जानवर दोनों इस्तेमाल करते हैं। ऐसी किन्हीं तीन चीज़ों के नाम लिखो।

_____

_____

_____

उत्तर:

ऐसी तीन चीज़ों के नाम जिसका इस्तेमाल दोनों करते हैं–1. भोजन 2. हवा 3. सूर्य की रोशनी

❋ क्या तुमने कभी किसी जानवर को कुछ खिलाया है या किसी और को कुछ खिलाते हुए देखा है? यदि हाँ, तो तालिका में लिखो।

किस जानवर को खिलाया	क्या खिलाया

उत्तर:

किस जानवर को खिलाया	क्या खिलाया
1. कुत्ते को	रोटी खिलाया जाता है।
2. बिल्ली को	दूध पिलाया जाता है।
3. कबूतर को	दाने खिलाए जाते हैं।
4. गाय को	रोटी खिलाई जाती है।
5. तोते को	मिर्च खिलाया जाता है।

एनसीईआरटी समाधान

अध्याय 19 : हमारे साथी जानवर

❊ तुम इन जानवरों को खाना क्यों खिलाते हो?

उत्तर:

इन जानवरों को इसलिए खाना खिलाते हैं ताकि ये भूखे न रहें।

❊ किस जानवर को सबसे ज़्यादा बच्चों ने खाना खिलाया है?

उत्तर:

गाय को सबसे ज़्यादा बच्चों ने खाना खिलाया।

❊ उसे क्या-क्या खिलाया?

उत्तर:

उसे रोटी, केला, कच्ची सब्जी खिलाई।

❊ देखो, क्या तुम्हारी तालिका में इनके भी नाम हैं? पता करो ये क्या खाते हैं?

चूहा, कॉकरोच, छछूँदर, मकड़ी, छिपकली,
कौआ, गिलहरी, बंदर, सूअर

उत्तर:

चूहा : रोटी, आटा, आलू

कॉकरोच : लकड़ी, कागज, सब्जी, रोटी

छछूँदर : कीड़े-मकोड़े

मकड़ी : कीड़े-मकोड़े

छिपकली : मच्छर, कीड़े-मकोड़े

एनसीईआरटी समाधान

अध्याय 19 : हमारे साथी जानवर

कौआ	:	रोटी, चावल, कीड़े-मकोड़े
गिलहरी	:	मक्का, फल, गेहूँ
बंदर	:	पत्ता, कच्ची सब्जियाँ, फल, रोटी
सूअर	:	मल

❊ सोचो, क्या कभी किसी जानवर ने तुम्हारी मर्ज़ी के बिना तुम्हारा खाना खाया है? कैसे?

_____

_____

_____

_____

उत्तर:

एक बार मेरे घर में पापड़ बना था। उसे सूखाने के लिए बरामदे में रखा था। थोड़ी देर बाद हमने देखा कि दो बंदर आकर 8-10 पापड़ लेकर भाग गए।

कौन क्या खाता है? उसे लाइन खींचकर मिलाओ। एक उदाहरण दिया है।

एनसीईआरटी समाधान

अध्याय 19 : हमारे साथी जानवर

उत्तर:



तालिका में जानवरों के नाम लिखो।

ऐसे जानवर जिन्हें तुमने छुआ है	ऐसे जानवर जिन्हें तुमने छुआ नहीं है पर छू सकते हो	ऐसे जानवर जिन्हें तुम छू नहीं सकते

उत्तर:

ऐसे जानवर जिन्हें तुमने छुआ है	ऐसे जानवर जिन्हें तुमने छुआ नहीं है पर छू सकते हो	ऐसे जानवर जिन्हें तुम छू नहीं सकते
बकरी	हाथी	शेर
गाय	घोड़ा	घड़ियाल
कुत्ता	ऊँट	बाघ
खरगोश	भैंस	बिच्छू